संख्या-54/2016/522/71-1-2016-जी-200/2013

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 18 मार्च, 2016

विषय:- वित्तीय वर्ष 2013-14 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेजों/संस्थानों के लिए क्रय किये जाने वाले उपकरणों के भुगतान हेतु पी0एल0ए0 में रक्षित धनराशि को अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2015/2206, दिनॉक 31-12-2015, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2015/2022, दिनॉक 09-12-2015 पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2016/2274, दिनॉक 16-02-2016 पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2016/2282, दिनॉक 17-02-2016 तथा पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2016/ 2292, दिनॉक 24-02-2016 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में राजकीय मेडिकल कालेजों/संस्थानों में उपकरणों के क्रय के लिए विभिन्न शासनादेशों के द्वारा स्वीकृत की गयी कुल धनराशि रू0 1,47,42,60,000/- (रू0 एक अरब सैतालीस करोड़ बयालीस लाख साठ हजार मात्र) में से रू0 1,41,29,90,000/- (रू0 एक अरब इकतालीस करोड़ उन्नतीस लाख नब्बे हजार मात्र), जो शासनादेश संख्या-1179/71-1-2014-जी-200/2013, दिनॉक 31-03-2014 के द्वारा वित्त अधिकारी सी0एस0एम0 चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नाम से खुले पी0एल0ए0 खाता संख्या-8448047 में रक्षित की गयी है, में से अवशेष बची धनराशि रू0 27,39,66,340/-, जिसकी उपयोगिता अवधि शासनादेश दिनॉक 26-02-2016 द्वारा दिनॉक 31-03-2016 तक बढ़ायी गयी है, में से रू0 11,59,98,891/- (रू0 ग्यारह करोड़ उनसठ लाख अट्ठानबे हजार आठ सौ इक्यानबे मात्र) को संलग्न विवरणानुसार आहरित कर व्यय किये जाने की अनुमति राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त धनराशि को पी0एल0ए0 से आहरित करने की अनुमति इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि प्रधानाचार्यो द्वारा उपकरणों के क्रय के संबंध में समस्त वित्तीय नियमों के अन्तर्गत समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त ही नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा तथा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण सम्पूर्ण भुगतान की धनराशि में से यदि कोई धनराशि अवशेष बचती है तो उसे चालान द्वारा राजकोष में जमा कराकर उसकी सूचना शासन को उपलब्ध करायेंगे।

3- शासनादेश संख्या-1179/71-1-2014-जी-200/2013, दिनॉक 31-03-2014 की अन्य शर्ते यथावत् रहेंगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय पंजी0 संख्या-ई-3-376/दस-2016, दिनॉक 18 मार्च, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

<u>संलग्नक:-यथोक्त।</u>

भवदीय

(संजय कुमार उपाध्याय)
संयुक्त सचिव

<u>संख्या:-54/2016/522(1)/71-1-2016 तद्यदिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद, गोरखपुर, झॉसी, जालौन, कन्नौज, आजमगढ़।
3- निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर।
4- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद, गोरखपुर, झॉसी, जालौन, कन्नौज, आजमगढ़।
6- मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट, कोषागार, लखनऊ।
7- कोषाधिकारी, कानपुर, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद, गोरखपुर, झॉसी, जालौन, कन्नौज, आजमगढ़।
8 वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।